Sixteenth Loksabha

p>

Title: Regarding setting up of branches of Public Bank and Insurance company in Sheohar Parliamentary Constituency, Bihar - Laid.

श्रीमती रमा देवी (शिवहर): मैं सरकार का ध्यान मेरे संसदीय क्षेत्रांतर्गत शिवहर जिला के नगर पंचायत शिवहर की ओर आकृष्ट कराना चाहती हूँ। शिवहर नगर में जितने भी बैंक/बीमा शाखा स्थापित है वो यहां के वार्ड संख्या-15 में ही है। शिवहर नगर एक जिला मुख्यालय है जिसकी आबादी एवं क्षेत्रफल काफी बड़ा है। ज्ञात हो कि शिवहर नगर पंचायत वार्ड संख्या-01 एवं 02 में जिला कारागार, प्रखंड कार्यालय, अंचल कार्यालय, विद्युत कार्यालय सहित कई सरकारी एवं गैर सरकारी कार्यालय विद्यमान है। सभी बैंक की शाखा 15 नं. वार्ड में ही होने से दूसरी वार्ड के लोगों को काफी दूरी तय करके बैंक/बीमा शाखा जाना पड़ता है जिससे इन्हें कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है।

अतः सरकार से अनुरोध है कि जनहित में मेरे संसदीय क्षेत्रांतर्गत शिवहर जिला के नगर पंचायत शिवहर के वार्ड संख्या-01 अथवा 02 में उपयुक्त स्थान चिन्हित कराते हुए किसी राष्ट्रीयकृत बैंक/बीमा शाखा के स्थापना हेतु आवश्यक कार्यवाही करने की कृपा की जाये।